तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 3 अप्रैल 2024


11 महिला सोनी समाज ने रंग पंचमीं उत्सव मनाया



12 देसहा गड़रिया पाल समाज के महाअधिवेशन में कई प्रकरणों का निराकरण







## श्रीराम को हृदय में बसाने का संकल्प लें श्रद्धालु: आचार्य सागर मिश्रा

### श्रीराम कथा के सातवें दिन कथाकार ने भगवान श्रीराम की महत्ता बताई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

अछूत कोई नहीं बल्कि मनुष्य शरीर पाकर जो भगवान का भक्त नहीं हुआ वह सबसे बड़ा अछूत है। भगवान को कभी भी जानने की चेष्टा न कीजिए, बल्कि मान लीजिए यदि मान लेंगे तो मानते मानते एक दिन भगवान को जान लेंगे। उक्त बातें जनपद पंचायत मैदान कसडोल में युवा आस्था मंच द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के सातवें दिन आचार्य सागर मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार गणित में किसी प्रश्न का हल करने के लिए एक्स लगाते हैं कि माना संख्या एक्स है और अंत में उसका हल निकल जाता है कि एक्स अर्थात फला। उसी प्रकार भगवान को मान लीजिए और मानते मानते एक दिन जान जायेंगे कि भगवान क्या है। उन्होंने श्रीराम द्वारा बाल्मिकी से रहने के लिए स्थान पूछने के प्रसंग पर बताया कि जिस प्रकार समुद्र में निरंतर आकर मिलते रहती है उसी प्रकार रामजी की कथा निरंतर सुनते रहे और कथा श्रवण करने प्यास लगती रहे, आपको भोग लगा कर खुद उसका प्रसाद पाए। इस तरह चौदह स्थान बताते हुए बाल्मिकी ने रामजी उनके हृदय में रहने के लिए स्थान बताए। तत्पश्चात लौकिक रूप से रहने के लिए चित्रकूट में स्थान बताए। उन्होंने कहा कि जो बचपन से भगवान का ⏵⏵ शेष पेज 11 पर





#### माता-पिता का कोई विकल्प नहीं

उन्होंने भरत चरित्र की करुणामयी कथा लोगों को अपनी अमृत रूपी वाणी से सुनाया, जिससे लोगों के आंखों से आंसू निकल आए। उन्होंने कहा कि माता-पिता के प्रति जीते जी श्रद्धा नहीं है तो मरने के बाद श्राद्ध करने का कोई अर्थ नहीं अस्तु श्रद्धा रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी का विकल्प है, परन्तु माता पिता का कोई विकल्प नहीं है।

## खबर संक्षेप

### पेंशनर संघ की बैठक 5 अप्रैल को

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 5 अप्रैल को पेंशनर भवन षष्ठी मंदिर बलौदाबाजार में रखी गई है, जहां होली मिलन का कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अशोक जैन पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, अध्यक्षता ब्रम्हानंद मारकण्डेय एवं विशिष्ट अतिथि बरन लाल वर्मा होंगे। सभी सदस्यों से बैठक और कार्यक्रम में शामिल होने की अपील संघ के पदाधिकारियों ने की है।

### सरखोर में भागवत कथा आज से



**लवन।** नगर से 6 किलोमीटर दूर ग्राम सरखोर में 3 अप्रैल से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन प्रारंभ होगा। इस आयोजन में साहू समाज के गंगा दयाल साहू, राकेश रोशन साहू, शिव प्रसाद साहू, सनत कुमार साहू व पदाधिकारी ने जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. शिवकुमार डहरिया को भागवत कथा श्रवण करने नेवता दिया हैं। साहू समाज सरखोर द्वारा आयोजित भागवत कथा के आयोजन में क्षेत्र के विधायक संदीप साहू 6 अप्रैल को सरखोर पहुंचेंगे। बताया गया कि नौ दिवसीय आयोजन में पं हनुमान प्रसाद तिवारी कथा का वाचन करेंगे। आयोजन समिति के सदस्यों ने कथा श्रवण करने वाले लोगों के लिए भव्य बैठक व्यवस्था की हैं।

### एक लाख का गांजा बरामद, आरोपी फरार

**महासमुंद।** कोमाखान पुलिस ने डबरी बड़े खेमड़ा से 5 किलो गांजा कीमत एक लाख रुपए को बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी फरार हो गया। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ 20 बी नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### हथियार लहराने वाले युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने रावणभाठा के रंगमंच के पास कत्ता लहराने के आरोप में धनेश कुमार भक्त पिता लव कुमार (22) को गिरफ्तार किया है। मामले में युवक के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### बागबाहरा पुलिस ने जब्त किया महुआ शराब

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में 35000 एमएल महुआ शराब जब्त किया है। रेलवे अंडर ब्रिज के पास पतेरापाली से आरोपी पवन रात्रे पिता सोनसाय (42) निवासी कोमा के कब्जे से 25000 एमएल महुआ शराब कीमत 5000 रुपए तथा कोटरीपानी निवासी त्रिलोचन ठाकुर पिता खेमूराम (25) के पास से 10000 एमएल महुआ शराब जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### पानी की कमी को पूरा करता है तरबूज, इसलिए गर्मी से राहत के लिए पहली पसंद


## गर्मी से राहत देने शहर पहुंचा तरबूज, ग्राहकों की संख्या भी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

तरबूज का नाम आते ही लोगों को भीषण गर्मी में भी तरोताजगी दिलाने वाले विशेष फल की याद आ जाती है। गर्मी के इस खास फल को लेकर लोगों में इसकी दीवानगी है। भीषण गर्मी से राहत पाने को लोग शहर और ग्रामीण अंचल में जमकर खरीददारी की जा रही है। मांग अधिक होने से किसानों को अच्छे दाम मिल रहे हैं। बलौदाबाजार में शहर की सड़कों पर तरबूज की दुकान लगने लगी हैं, जहां लोग अपनी मनपसंद साइज में तरबूज खरीद रहे हैं। शहर के आसपास गांव में किसान तरबूज की खेती कर रहे हैं। मौसम अनुकूल रहने के कारण तरबूज की पैदावार भी अच्छी है।

विदित हो कि तरबूज खाने से गर्मी में काफी राहत मिलती है, क्योंकि तरबूज में पानी की मात्रा अधिक होती है। इसे लेकर गर्मी में तरबूज लोगों की पहली पसंद बन जाता है। यह सीजनल फल गर्मी से राहत तो देता है, वहीं तरबूज खाने से सेहत भी अच्छी रहती है, जिसे देखते हुए गर्मी की शुरुआत से ही बाजारों में भारी मात्रा में तरबूज उतर चुका है, लोग इसे काफी पसंद भी कर रहे हैं, हालांकि अभी 20 से 30 रुपए किलो के हिसाब से मिल रहा है, लेकिन फिर भी लोग इसे खरीद रहे हैं।

### 20-30 रुपए किलो में की जा रही बिक्री




#### लोग शीतल पेय पदार्थों का ले रहे सहारा

अप्रैल के पहले सप्ताह में गर्मी तेवर दिखाने लगी है। सुबह 11 बजते ही तपीश बढ़ रही है। यह स्थिति शाम 4 बजे तक चलती है। शहर के फुटपाथ पर तरबूज बेच रहे दुकानदार ने बताया कि अभी सभी साइज में तरबूज का फल आ रहा है। बलौदाबाजार जिले के किसान तरबूज की खेती कर रहे हैं। मौसम ठीक रहने से डिमांड अधिक है। वही अच्छे दाम भी मिल रहे हैं। करीब 2-3 किलो के तरबूज की कीमत 40-60 रुपये तक हैं। व्यापारी का कहना है कि बाजार में किसानों की उपज हाथोंहाथ बिक रही है।

## जिला प्रशासन ने जब्त वाहन और सामाग्री की राजसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने सारंगढ़ बिलाईगढ़ क्षेत्र से जुड़े दो वर्ष पुराने आबकारी प्रकरणों का निराकरण किया। इसमें आबकारी के एक प्रकरण में वाहन और दूसरे प्रकरण में शराब को राजसात किया है। पुलिस थाना सरिया द्वारा 26 मार्च को ग्राम बरपाली में मोटर सायकिल बजाज सीटी 100 पंजीयन क्रमांक सीजी 13 एई 6700 से एक बोरी के अंदर प्लास्टिक झिल्ली में 40 लीटर कच्ची महुआ शराब आरोपी बशिष्टो थुरिया आत्मज रंजीत थुरिया निवासी शांति नगर कनकबीरा तहसील सारंगढ़ को अवैध परिवहन करते हुए गवाहों के समक्ष जब्त किया गया था। वाहन के दस्तावेज के अनुसार उक्त मोटर सायकिल बशिष्टो थुरिया के नाम पर पंजीकृत है। इस प्रकरण प्रतिवेदन में उल्लेखित छ.ग. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34, 2 एवं 59 क के तहत पुलिस थाना सरिया में अपराध कायम किया है, जिसे धारा 47 के तहत वाहन राजसात किया गया है। इसी प्रकार 21 मई 2022 को आरोपी अतुल पिता महेत्तर ओग्रे 34 साल साकिन नगरदा थाना बिलाईगढ़ द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने के लिये रखे जाने से उसके कब्जे से हाथ भट्टी की महुआ शराब कुल 10 बल्क लीटर गवाहों के समक्ष जब्त की गई थी, जिसे छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34, 2 के तहत आबकारी एक्ट के तहत थाना बिलाईगढ़ में अपराध कायम किया गया और धारा 47 ए के तहत उसे राजसात किया गया।



### नालियों पर किए गए कब्जे हटाएगा नपा

**भटगांव।** आईएएस वासु जैन एसडीएम सारंगढ़ ने नगरपालिका परिषद के अधीन सारंगढ़ शहर के सफाई व्यवस्था का सुबह जायजा लिया। उन्होंने वार्ड 8, 13 और 15 के सड़कों और नालियों का अवलोकन किया। साथ ही सभी स्थानों पर सफाईकर्मियों से नालियों को साफ कराया। एसडीएम श्री जैन ने कई नाली में कचरा फंस जाने और उस पर कब्जा होने से सफाई नहीं होने के कारण को देखते हुए सीएमओ को नालियों पर किए गए कब्जा को हटाने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश पांडेय, सफाई दारोगा मोहन मरावी, पीआईयू आकाश पांडेय, आलोक मिश्रा उपस्थित थे।

## फिर बदलेगा मौसम, 6 के बाद बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

अंचल में एक बार फिर मौसम में परिवर्तन देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के अनुसार दो दिन बाद छह अप्रैल से बारिश की संभावना बन रही है। वहीं मंगलवार को जिले का बलौदाबाजार 41 डिग्री तापमान के साथ प्रदेश में सबसे गर्म शहर रहा।



उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों से लगातार मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। इस बीच एक बार फिर परिवर्तन की संभावना बनने लगी है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पश्चिमी हवा के प्रभाव बढ़ने के कारण प्रदेश में कल बुधवार को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि संभावित है। 6 अप्रैल से वर्षा का दौर प्रारंभ होने की संभावना है। मंगलवार को जारी मौसम बुलेटिन के अनुसार बलौदाबाजार जिले का अधिकतम तापमान 41 डिग्री पर रहा। जबकि दुर्ग, रायपुर और बिलासपुर शहर का तापमान इससे कम रहा।

## जीवन को सुंदर एवं सुखमय बनाती है रामकथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

■ सकरी में पांच दिवसीय रामायण प्रारंभ, पहुंचने लगी गांवों से मंडलियां

अंचल के गांवों में निरंतर अखंड नवधा, सात दिवसीय एवं पांच दिवसीय रामायण समारोह का आयोजन चल रहा है। वहीं दर्जनों की संख्या में मानस मंडली की टीम गांव-गांव जाकर रामायण कथा का सार सुना रही हैं। समीपस्थ ग्राम सकरी प में अखंड पांच दिवसीय रामायण का आयोजन किया गया। इसमें दूरस्थ अंचल के अनेक मानस मंडलियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश ओबीसी मोर्चा भाजपा कार्यसमिति सदस्य महेंद्र मोनू साहू ने भगवान श्री रामचंद्र का पूजा अर्चना की। साथ ही ग्रामीणों एवं आयोजकों को बधाई देते हुए महेंद्र मोनू साहू ने कहा कि रामकथा जीवन को सुंदर एवं सुखमय बनाता है, राम कथा त्याग एवं समर्पण की कथा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में लोग संपत्ति बनाने में लगे हुए हैं। अपनी सुख शांति का आधार धन को मानता है और वहीं रामकथा बताती है कि सुख शांति का आधार प्रेम त्याग एवं भाईचारा है। चारों भाइयों का प्रेम, एकता और त्याग अतुलनीय है। भगवान राम को वनवास होने पर राज पाठ भरत को सौंप दिया गया, लेकिन भरत ने बड़े भाई के रहते सिंहासन पर बैठना स्वीकार नहीं ⏵⏵ शेष पेज 11 पर



## मतदाताओं को जागरुक करने नारा लेखन व वाद-विवाद स्पर्धा

**पलारी।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पलारी में विकासखंड स्तरीय स्लोगन लेखन व वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जीवन लाल जोशी विकास खंड स्त्रोत समन्वयक विशेष तौर पर उपस्थित थे। उनके मार्गदर्शन करने में प्रतिभागियों ने स्लोगन लेखन व वाद विवाद प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। संस्था प्रमुख इस कार्यक्रम के नोडल थे। निर्णायकों की भूमिका में जितेन्द्र साहू व्याख्याता छेरकापुर, राजेश कुमार माण्ड्रे व्याख्ता बलौदी, चिरंजीव लाल तिवारी व्याख्ता सशिम पलारी, सुशीला जांगड़े व्याख्ता बलौदी, पद्मिनी ध्रुव व्याख्ता खरतोरा रहे। कार्यक्रम के श्रेष्ठ रचनाओं को जिला केन्द्र में भेजा गया।



### जिला भाजपा की बैठक में कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

## सरकार ने तीन महीने में बड़े वादे पूरे किए : बृजमोहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला भाजपा कार्यालय में शहर मण्डल की आवश्यक बैठक में रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल, टंकराम वर्मा राजस्व मंत्री, जिला अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े, विधायक कुशवान्त साहेब, प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, देवजी भाई पटेल पूर्व विधायक, कृष्ण अवस्थी जिला महामंत्री, पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केसरवानी, जिला उपाध्यक्ष नरेश केशरवानी आदि उपस्थित हुए। बैठक में मंच संचालन नंदकुमार साहू पूर्व जनपद नगर पालिका अध्यक्ष ने किया एवं आभार प्रदर्शन संकेत शुक्ला ने किया। इस दौरान भाजपा नेताओं व कार्यकर्त्ता ने 1 लाख से विधानसभा बलौदाबाजार जीतने का संकल्प लिया।

जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े ने कहा कि हर बूथ में दो दिन में बैठक कर 4 महिला, 4 युवा, 2 सियान का टीम तैयार करना और 10 जगह वाल पेंटिंग, 100 जगह झंडा लगाना है। मतदाता सूची का निरक्षण कर मतदाता सूची में नया नाम जोड़वाना है। गहन मतदाता सूची की जॉच कोई यहां नहीं रहता है उसका नंबर पता कर, उससे बात कर वोट देने आने फोन करना है। जो वोटर हमारे योजना का लाभ ले रहा है और वो निश्चय नहीं कर पा रहा है, उसको अपने पक्ष में वोट देने प्रेरित करें, सभी वोटर से उनके घर जाकर परीक्षण करें इसे 10 अप्रैल तक पूरा करे। नया नाम जोड़ने का काम 1 मई तक चलेगा पर आप इसे 5 अप्रैल तक जोड़ने का काम पूर्ण करें।

इस बैठक पर डॉ. के के साहू, मणिकांत मिश्रा, संतोष शर्मा महिला मोर्चा, सविता प्रदीप साहू, रीटा केशरवानी, अशोक जैन, अक्षर अग्रवल, अलोक अग्रवाल, पुरुषोत्तम सोनी, आदित्य बाजपेयी मीडिया प्राभरी प्रदेश कार्यसमिति भाजयुमो, सरिता मारके, वासुदेव सिंह ठाकुर मण्डल अध्यक्ष युवा मोर्चा, तरुण वर्मा, मयंक पंजवानी, अंकित हेमनानी, संजू पटेल, खोड़स कश्यप, राहुल सोनी भाजयुमो ⏵⏵ शेष पेज 11 पर



#### कहा : घर-घर पहुंचकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करें

बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यकर्त्ता को संबोधित करते हुए कहा कि बूथ और मण्डल के सभी कार्यकर्ताओं के लिए यह लोकसभा चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। केंद्र में मोदीजी के हाथ को मजबूत करने के लिए हम सभी भाजपा के सैनिकों को बूथ स्तर पर केंद्र व राज्य भाजपा सरकार द्वारा पूर्ण की गई जनहितैषी योजनाओं को लेकर घर-घर पहुंचकर लोगों को भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। राज्य सरकार द्वारा तीन महीने में पूरे किए गए किसानों के धान की बोनस राशि, महतारी वंदन योजना, गैस सिलेंडर, प्रधानमंत्री आवास योजना को पूरा किया गय और भी ऐसे कई योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का मंत्र भाजपा सैनिकों को दिया।

## अवैध शराब निर्माण पर कार्रवाई

**सरायपाली।** सिंघोडा पुलिस ने ग्राम डोंगारक्सा के नक्सल प्रभावित पहाड़ी क्षेत्र में चल रहे अवैध महुआ शराब निर्माण कार्य पर रेड कार्रवाई की गई। यहां शराब बनाने वाले विभिन्न प्रकार के सामग्री सहित 100 लीटर महुआ शराब कुल कीमत 20000 रुपए को जब्त किया। 3000 किलोग्राम महुआ लहान (पास) कुल कीमती 150000 एवं अवैध शराब बनाने वाले सामग्री को नष्ट किया गया। अवैध शराब बनाने वाले अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। आरोपियों की खोजबीन की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी महेश साहू, आरक्षक वीरेंद्र बाघ, कृष्णा यादव, रमाकांत त्रिपाठी, जितेंद्र आदिले, धनाराम कुर्रे का सहयोग रहा।

हरिभूमि
पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468


P.C.
सर का OFFER
FLAT 70% OFF
Lee
Wrangler
KILLER
LAWMAN
integriti
Raymond Apparel
Arvind Life Style
All Brand Ladies Kurties Too
2 पे 2 फ्री
I CLEVER, GRAMMER, TULIP YANKEE, NOSTRUM, WE PLAY MUSIC & MANY BRANDS
50 कि.मी.दूर से आने वाले ग्राहक को नि:शुल्क भोजन
Rare & Dynamic Personality never seen before
P.C. the BAAP- कब समझोगे आप?
Deepak Advertisers
FLAT 50% OFF
JOCKEY
Lyra WOMEN'S WEAR
Cosmetic Items too
ROOKIES DENIM DIVISION 999/.
Crocodile 699/.
ONLY ORIGINAL & LATEST STOCKS
दुकानदार भी बेचने के लिए सम्पर्क करें! 97543 43697 (Whatsapp)
P.C. LOOTMART
SHUBHAM FAMILY STORE
98261 67896, 98274 75444, 91314 85451, 97521 18317, 83190 18733, 82502 23314
दिनेश वस्त्र के बगल, जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

# बारनवापारा में मेहमान बाघ के वायरल वीडियो से वन अफसर हलाकान

**खबर संक्षेप**



## नवागांव में चलाया स्वच्छता अभियान

**रायपुर।** केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा ग्राम पंचायत नवागांव स्थित तालाब पचरी में विगत दिनों स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई की गई। स्वच्छता अभियान विश्व का सबसे अधिक जनभागीदारी वाला आंदोलन बन चुका है, जिसमें बड़े से बड़े व्यक्ति से लेकर निम्नवर्ग तक का व्यक्ति भी जुड़ पाया है। स्वच्छता से स्वास्थ्य का सीधा संबंध है, इस बारे में लोगों को जागरूक भी किया गया। इस अभियान में चंद्रशेखर साहू, विजय कुमार निषाद सहित शशिकांत साहू, बुशरा खान, ओमकार साहू, चमन पटेल, दिलीप साहू, सनील जांगड़े आदि शामिल हुए।

## संत ज्ञानेश्वर स्कूल में शिशु आधार पंजीयन शिविर 4 को

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल परिसर में 4 अप्रैल को शिशु आधार पंजीयन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री मितान योजना के माध्यम से 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के आधार पंजीयन किए जाएंगे। प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने बताया कि गुरुवार को यह एक दिवसीय शिविर सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक लगाया जाएगा। स्कूल के सह प्रभारी पारितोष डोनगांवकर के मुताबिक शिशुओं के आधार पंजीयन के लिए बच्चों के माता-पिता में से किसी भी एक का आधारकार्ड साथ में लाना अनिवार्य होगा। इस शिविर के माध्यम से आमजन अपने बच्चों का आधार पंजीयन कराकर शासन की योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

## सेवानिवृत्त हुए निगम ईई, किया सम्मानित

**रायपुर।** नगर निगम जोन- 6 कार्यालय में सोमवार को कार्यपालन अभियंता एसपी त्रिपाठी के सेवानिवृत्त होने पर सम्मानित किया गया। जोन के अधिकारी-कर्मचारियों ने विशेषकर कोरोना संक्रमणकाल के दौरान श्री त्रिपाठी को सौंपे गये दायित्व का सजगता से निष्पादन करने पर सराहना की। जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल ने सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता श्री त्रिपाठी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा सहित जोन के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चिंगरीनाला निर्माण कार्य का निरीक्षण

**रायपुर।** नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सोमवार को निगम के अधिकारियों के साथ चिंगरीनाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराने विभागीय अधिकारी को निर्देश दिए। साथ ही खारुन नदी की व्यवस्थित सफाई का कार्य सिंचाई विभाग से समन्वय कर कराने जोन-8 के अधिकारियो को निर्देशित किया। चंदनीडीह के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण कर एसटीपी में उपचारित जल का उपयोग सुनिश्चित कराने हिदायत दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी से सटे महासमुंद तथा बलौदाबाजार वनमंडल में पिछले एक माह से किसी दूसरे राज्य से आकर विचरण कर रहे बाघ के कथित तौर पर वायरल हो रहे वीडियो ने वन अफसरों को हलाकान कर दिया है। वायरल हो रहे वीडियो से बाघ की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं, जबकि वन विभाग के अफसर बाघ के विचरण क्षेत्र में सामान्य लोगों की आवाजाही पर सख्ती से रोक लगाने का दावा कर रहे हैं। बावजूद इसके बाघ के वायरल वीडियो से वन अफसर हलाकान तथा परेशान हैं।

गौरतलब है सात मार्च को महासमुंद वनमंडल में विचरण करते हुए दिखा बाघ 14 मार्च को बलौदाबाजार वनमंडल में पहुंच गया है। बाघ वर्तमान में बलौदाबाजार वनमंडल के वन विकास निगम के क्षेत्र में विचरण कर रहा है। शनिवार को कथित तौर पर वायरल वीडियो को बलौदाबाजार वनमंडल में विचरण कर रहे बाघ का बताया गया। इसके बाद वन अफसर वायकल वीडियो की पुष्टि करने में जुटे हैं। सूत्रों के मुताबिक पूर्व में ट्रैप कैमरे में कैद बाघ के फोटो तथा वायरल वीडियो में बाघ के धारियों का मिलान किया गया, तो धारियों का 80 से 90 प्रतिशत मिलान होने की बात सामने आई है। इस संबंध में वन अफसरों ने किसी तरह से अधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

### प्रे-बेस मिलने से राहत

पड़ोसी राज्य से भटक कर आए बाघ ने महासमुंद वनमंडल में दो पालतू मवेशियों का अब तक शिकार किया है। इसके बाद से बाघ द्वारा अब तक किसी अन्य पालतू मवेशी के शिकार करने की जानकारी नहीं मिली है। वन अफसरों के मुताबिक बाघ जिस क्षेत्र में विचरण कर रहा है, उसकी पूरी जानकारी उनके पास है। बाघ जिस क्षेत्र में विचरण कर रहा है, उस क्षेत्र में प्रे-बेस बेहतर होने की वजह से बाघ को पेट भरने शिकार के लिए पर्याप्त संख्या में वन्यजीव मिल रहे हैं। बाघ के पेट भरने बेहतर प्रे-बेस मिलने से वन अफसर राहत की सांस ले रहे हैं।



- एंटी स्नेयर की टीम क्षेत्र में लगातार कर रही सर्चिंग, बाघ की सुरक्षा के लिए सात टीम लगाई गई

### दो दर्जन से ज्यादा स्थानों में जाल, फंदे की जब्ती

जानकारी के मुताबिक एंटी स्नेयर ऑपरेशन के दौरान महासमुंद तथा बलौदाबाजार वनमंडल क्षेत्र में वनकर्मियों तथा एनजीओ की टीम ने दो दर्जन से ज्यादा स्थानों पर वन्यजीवों के शिकार के लिए बिछाए गए तार के साथ जाल जब्त करने की कार्रवाई की है। वन अफसरों के मुताबिक बाघ की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एंटी स्नेयर ऑपरेशन लगातार जारी रहेगा।

### वीडियो वायरल होने के बाद सुरक्षा बढ़ाई गई

अज्ञात लोगों द्वारा बाघ का वीडियो वायरल करने के बाद बाघ की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बलौदाबाजार वनमंडलाधिकारी मयंक अग्रवाल के मुताबिक बाघ की सुरक्षा के लिए सात टीमें बनाई गई है। साथ ही बाघ विचरण क्षेत्र में लोगों की आवाजाही रोकने अस्थायी चौकियां बनाई गई हैं।

### होली में जंगल जाने से रोका गया

होली में जंगली सुअर, चीतल तथा हिरण का शिकार करने वाले सक्रिय हो जाते हैं। इसके कारण बाघ की सुरक्षा खतरे में आ सकती थी। इस बात को ध्यान में रखते हुए बलौदाबाजार तथा महासमुंद वनमंडल के फील्ड में काम करने वाले वनकर्मियों के साथ अफसरों की छुट्टी कैंसिल कर दी गई और होली के दो दिन पहले लोगों के बारनवापारा वनक्षेत्र के अंदर आवाजाही करने पर रोक लगा दी गई।

### एनजीओ का एंटी स्नेयर ऑपरेशन

क्षेत्र में लोग बाघ को किसी तरह से नुकसान नहीं पहुंचाएं, इसके लिए बलौदाबाजार वनमंडल में नेवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी तथा महासमुंद वनमंडल में वसुंधरा सोसाइटी फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर की मदद ली जा रही है। दोनों एनजीओ वनकर्मियों के साथ मिलकर जनजागरूकता अभियान चलाने के साथ एंटी स्नेयर ऑपरेशन चला रहे हैं।

**आयोजन : पेंशनर्स संघ का होली मिलन**

# गाया फाग गीत और नगाड़ों की थाप पर जमकर झूमे, खेली फूलों की होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ द्वारा सुभाष बाजार स्थित पेंशन भवन में होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें दतरेंगी से आमंत्रित 21 लोगों द्वारा नगाड़ों की थाप पर फाग गीत की रंगारंग प्रस्तुति दी गई।

नगाड़ों की थाप और फाग गीतों पर बच्चों के साथ बुजुर्ग पेंशनर भी नाचने पर मजबूर हुए।

संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल के कुशल संचालन एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष दिलीप सिंह बिसेन के संयोजन में पेंशनरों के साथ आमंत्रित सभी लोगों द्वारा फूलों की होली खेली गई।

इस रंगारंग होली मिलन समारोह के मुख्य अतिथि नगर के प्रसिद्ध व्यवसायी एवं समाज सेवी बाबूजी मोबाइल के संचालक तोरण साहू थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में बालोदाबाजार से पधारे संघ के जिला अध्यक्ष जामवंत वर्मा, संरक्षक हलधर प्रसाद वर्मा लवन, तहसील अध्यक्ष तारण सिंह ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष डोमार सिंह वीरवर, राम कृष्ण साहू और चंद्राकर जी, आशाराम अनंत एवं कमल नारायण यदु उपस्थित थे।

अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल ने अतिथियों के सम्मुख संघ की गतिविधियों की जानकारी दी।

तोरण साहू ने कहा उम्र के इस पड़ाव में जहां 62 साल से लेकर के 90 साल के पेंशनर उपस्थित है, मैं सबकी सक्रियता एवं जागरूकता को प्रणाम करता हूं। उन्होंने कहा मैं आप लोगों की जो भी अपेक्षा हो उसे निश्चित रूप से पूरा करूंगा, इसके लिए आप मुझे निःसंकोच बता सकते हैं।

सभा को जामवंत वर्मा, रामकृष्ण साहू, आशाराम अनंत, नंदलाल बाजपई, लक्ष्मी मारकंडे, रघुनाथ पटेल एवं दीपक मिश्रा आदि ने भी विचारों कविता एवं गीतों के माध्यम से संबोधित किया। इस अवसर पर संतराम साव, परेटन लाल साहू, दिलीप सिंह बिसेन, प्रकाश जाधव, सेवकदास मानिकपुरी, गणपत लाल वर्मा, एचएल महिपाल, गणेश राम वर्मा, राम दुलारी उपाध्याय, रमेश कुमार वर्मा, रामू यादव, शिव कुमार वर्मा, खेमसिंह ध्रुव, पंचराम वर्मा, गणेश राम साहू एवं केएन यदु सहित बड़ी संख्या में पेंशनर एवं फाग गायन के सदस्य उपस्थित थे।

### महिला सोनी समाज ने रंग पंचमीं उत्सव मनाया



बलौदाबाजार। इस वर्ष भी स्थानीय जिला महिला सोनी समाज की महिलाओं ने रंग पंचमी का उत्सव धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर रंग–बिरंगे परिधानों में तैयार होकर महिलाओं ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर रंग पंचमीं की शुभकामनाएं दी। फिल्मी होली गीत, फाग व भजन गाकर महिलाओं ने भरपूर नृत्य किया। समाज की महिलाओं ने आपस में एक दूसरे की मिठाई खिलाकर स्वल्पाहार का आनंद उठाया। इस दौरान कार्यक्रम में जिला महिला सोनी समाज की महिलाएं उपस्थित रही। आगामी कार्यक्रम में महिला सोनी समाज की सभी महिलाओं की उपस्थिति के लिए आग्रह किया गया है। कार्यक्रम में जिला महिला सोनी समाज की अध्यक्ष आरती सर्राफ एवं जिला उपाध्यक्ष लता सोनी, सरस्वती सोनी, रुक्मणी सोनी, बबीता सोनी, साधना सोनी, मंजू सोनी, गोल्डी सोनी, नेहा सोनी, उमा सोनी, स्मिता सोनी, आंचल सोनी, अलका सोनी, पूनम सर्राफ एवं अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

# झूलेलाल उत्सव की तैयारियां जोरों पर, मूर्तियों का पंजीयन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सिंधु एकता संघ, सिंधी समाज द्वारा झूलेलाल उत्सव की तैयारियां जोर शोर से की जा रही हैं। सिंधु एकता संघ द्वारा लगातार 12वें वर्ष गणेश उत्सव की तरह भगवान झूलेलाल का अवतरण दिवस चेट्रीचंड्र पर्व उत्साह से मनाने की तैयारी है। इसके तहत 6 अप्रैल को सिंधुजनों के घर-घर भगवान झूलेलाल की मूर्ति स्थापित की जाएगी तथा पांच दिनों तक विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद चेट्रीचंड्र के दूसरे दिन 11 अप्रैल को विर्सजन किया जाएगा। पूरे छत्तीसगढ़ में झूलेलाल उत्सव को लेकर समाजजनों में उत्साह है तथा मूर्ति निर्माण कार्य निरंतर जारी है। रायपुर शहर के साथ छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश के भी शहरों में सिंधु एकता संघ द्वारा साईं लालदास से जुड़ी स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से मूर्तियां निशुल्क भेजी जा रही हैं। यह कार्यक्रम संत लालदास की प्रेरणा व संत युधिष्ठिरलाल तथा माता साहेब मीरादेवी के आशीर्वाद से किया जा रहा है। संघ के संस्थापक सुभाष बजाज, अध्यक्ष चंद्र कुमार माखीजा ने बताया कि रायपुर में निम्नलिखित पंजीयन स्थलों में अपनी मूर्ति पंजीकृत करा सकते हैं। पंजीयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जा रहा है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य सिंधी संस्कृति व धर्म का प्रचार तथा समाज के युवाओं को सिंधी समाज की मुख्यधारा से जोड़ना व सामाजिक एकता स्थापित करना है, जो केवल सामाजिक, सांस्कृतिक व धार्मिक जागरूकता से ही संभव है, जिसके लिए सिंधु एकता संघ निरंतर प्रयासरत है।



### मूर्ति के लिए पंजीयन जारी

*पंजीयन स्थल : लाखेनगर में भारत चंदवानी, सुनील रामवानी, पंडरी देवेंद्र नगर में चंदू माखीजा, तेलीबांधा में ज्ञानू उदासी, नर्मदापारा में संतोष डोडानी, संत कंवरराम नगर कटोरा तालाब में अप्पू वाडिया, रिक्की जुडानी व प्रदीप सिंहानी, श्रीनगर में विनोद शीतलानी, फाफाडीह में नरेश भोजवानी, कटोरा तालाब में विजय लहरवानी, डगनिया में भवन इसरानी से संपर्क कर पंजीयन करा सकते हैं।*

# टेंडर से पहले अहाता खोलने की तैयारियां शुरू, लगने लगे शेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य सरकार पहली बार शराब दुकानों के लिए अहाता पॉलिसी लेकर आई है। अहाता चलाने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड टेंडर निकालेगा, जिसके लिए 8 अप्रैल से आवेदन मंगाए गए हैं। रायपुर जिले में कौन-कौन सी शराब दुकानों का टेंडर निकाला जाना है।

इसकी सूची आबकारी विभाग ने तैयार कर ली है। इधर अभी टेंडर की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है, लेकिन सूची में शामिल कई शराब दुकान परिसर एवं बगल में अहाता खोलने की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इसके लिए परिसरों में शेड भी बनाए जा रहे हैं।

**अहाता के लिए जिले में 56 शराब दुकानों का चयनः** विभागीय सूत्रों के अनुसार जिले में देशी, विदेशी एवं कम्पोजिट मिलाकर 78 शराब दुकानें हैं। इनमें अहाता खोलने के लिए 56 शराब दुकानों का चयन किया गया है। इसमें देशी, विदेशी के साथ कम्पोजिट दुकान भी शामिल है। इसमें 13 देशी, 30 विदेशी तथा 13 कम्पोजिट शराब दुकानें शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार शराब दुकानों में अहाता खोलने के लिए टेंडर निकाला जाएगा। टेंडर में बोली होगी, जिसकी ज्यादा बोली होगी उसे अहाता का ठेका दिया जाएगा। विभाग अहाता चलाने के लिए अलग से लाइसेंस जारी करेगा, जिसके लिए ठेकेदार को अलग से शुल्क अदा करना होगा।



### शहर में इन शराब दुकानों के पास खुलेंगे अहाता

कटोरा तालाब, सरोना मार्ग रायपुरा, रायपुरा लाखेनगर, टाटीबंध, संतोषीनगर, संतोषीनगर, लालपुर, डूमरतराई पचपेड़ीनाका, कुर्रा गुढ़ियारी, हीरापुर, जीई रोड पुरानी बस्ती, सड्डू गोलबाजार, चंदनीडीह कोटा, फाफाडीह, मोवा, भाठागांव, मोटर स्टैंड, राजेंद्र नगर तेलीबांधा, गंजपारा, नर्मदापारा, ट्रांसपोर्ट नगर भनपुरी। इसके अलावा लभांडी, मंदिर हसौद, सिलतरा, माना, चंदनीडीह महोवाबाजार, रिंग रोड नंबर-2 भनपुरी, डूमरतराई डूंडा।

### ट्रैफिक जाम के साथ बिगड़ सकता है माहौल

शहर में अहाता खोलने के लिए कई ऐसी शराब दुकानों का भी चयन कर लिया गया है, जो व्यावसायिक इलाके हैं। व्यावसायिक इलाका होने के कारण सुबह से देर रात तक खरीदारी करने वालों का आना-जाना इस इलाके में लगा रहता है। इसके कारण उन इलाकों में पहले से भीड़ रहती है। ऐसे इलाकों में संचालित शराब दुकान में ग्राहकों की भीड़ के कारण पहले से ही ट्रैफिक जाम की समस्या रहती है। ऐसे में इन दुकानों के पास अहाता खोले गए, तो ट्रैफिक जाम की समस्या और बढ़ सकती है। साथ ही इस इलाके का माहौल भी खराब हो सकता है, जिसका खरीदारों के साथ व्यापार पर भी पड़ेगा।

# हृदय की जन्मजात बीमारी से पीड़ित महिला की सर्जरी, लगाया गया बोआइन टिश्यू वॉल्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हृदय की जन्मजात बीमारी से पीड़ित महिला को सर्जरी के माध्यम से बोआइन टिश्यू वॉल्व लगाया गया। तीस वर्ष की आयु में गर्भावस्था के दौरान हुई शारीरिक समस्या के बाद इस बीमारी का पता चला था। सर्जरी के बाद कुछ दिनों तक चिकित्सकों की निगरानी में रखकर उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। आंबेडकर के हार्ट सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू ने बताया कि इस बीमारी को चिकित्सीय भाषा में कॉम्प्लेक्स कंजेनाइटल हार्ट डिजीज कहा जाता है। यह एक जन्मजात हृदय रोग है।



जब बच्चा मां के गर्भ में होता है, उस समय पहले 6 हफ्ते में बच्चे के दिल का विकास होता है। इसी विकास के चरण में बाधा आने पर बच्चे का हृदय असामान्य हो जाता है। इस बीमारी में मरीज के हृदय का ट्राइकस्पिड वाल्व ठीक से नहीं बन पाता और यह अपनी जगह न होकर दायें निलय की तरफ चला जाता है।

**समय पर बेडरोल नहीं मिलने की शिकायतों पर रेलवे बोर्ड ने लिया संज्ञान**

# ट्रेन रवाना होने से पहले अब यात्री को मिलेगा बेडरोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एसी कोच में सफर करने वाले यात्रियों को अब बेडरोल के पैकेट बेडशीट, कंबल, तकिया, कवर समय पर मिलेगा। रेलवे बोर्ड ने नए वित्तीय वर्ष से नियमों में बदलाव किया है। यात्री के सीट पर पहुंचने से पहले ही कोच अटेंडेंट बेडरोल का पैकेट रख जाएंगे।

बोर्ड ने भारतीय रेलवे स्तर पर सभी जोन के महाप्रबंधकों को ओरिजिनेटिंग स्टेशनों पर ट्रेन रवाना होने से पहले यात्री को बेडरोल का पैकेट उपलब्ध कराने का दिशा-निर्देश जारी कर दिया है। इधर जोन ने भी ट्रेनों में बेडरोल देने वाली एजेंसी को रेलवे बोर्ड के नियमों का पालन करने का निर्देश दिए हैं। लंबे समय से यात्रियों की शिकायत रहती थी, ट्रेन में बैठने के बाद समय पर उन्हें बेडरोल नहीं मिलता। यात्रियों की इन्हीं शिकायत को संज्ञान लेते हुए रेलवे बोर्ड ने देशभर में नई व्यवस्था लागू की है।

### बदले गए गंदे तकिये और कवर

रेलवे प्रशासन ऐसी शिकायतों का संज्ञान लेता है, जिसका असर यात्रियों पर पड़ता है। रेलवे प्रशासन ने इस दिशा में सतर्कता बढ़ाई, तो नवंबर तक ऑनलाइन शिकायत 60 प्रतिशत कम हो गईं। जानकारी के मुताबिक पुराने और गंदे हो चुके 10 हजार तकिये और कवर को बदलकर नया कर दिया। तकिये का खोल और कवर बदलकर सफेद की जगह नीला किया गया है। प्रत्येक कोच में एक अटेंडेंट चलने लगे और निगरानी के लिए सुपरवाइजर तैनात हैं।

### पहले ट्रेन छूटने के आधे घंटे तक यात्री को बेडरोल उपलब्ध कराने का था नियम



फाइल फोटो

### रेल मदद एप पर 2 हजार से अधिक शिकायत

रेल मदद एप पर जून से नवंबर, 2023 तक 2000 से अधिक यात्रियों ने बेडशीट, तौलिया, कंबल और कवर आदि से संबंधित शिकायतें कीं। इसमें ज्यादातर यात्रियों ने कहा कि उन्हें बेडरोल समय पर नहीं मिला। जानकारी मुताबिक मैकेनाइज्ड लाउंड्री से 20 हजार बेडरोल के पैकेट व 30 हजार बेडशीट प्रतिदिन सफाई होती है। दुर्ग और बिलासपुर से बेडरोल और बेडशीट का वितरण 25 से अधिक ट्रेनों में किया जाता है।

### कोच अटेंडेट का नहीं करना पड़ेगा इंजतार

रेलवे बोर्ड के निर्देश मुताबिक अब ट्रेन के रवाना होने से पहले ही यात्रियों की सीट पर बेडरोल रख दिया जाएगा। एक यात्री के स्टेशन उतरते ही दूसरी यात्री के लिए तत्काल बोडरोल रखा जाएगा, ताकि अपनी सीट में आने के बाद यात्री को इंतजार करना न पड़े। अभी तक ट्रेन छूटने के आधे घंटे तक यात्री को बेडरोल उपलब्ध कराने का नियम है, लेकिन हकीकत यह है कि अधिकतर ट्रेनों के कोच अटेंडेंट घंटों तक दिखते ही नहीं हैं। खोजने के बाद अगर दिख गए, तो आधा-अधूरा बेडरोल का पैकेट देकर चले जाते हैं। यात्री परेशान रहते हैं, लेकिन नई व्यवस्था से अब परेशान नहीं होना पड़ेगा।

## पेज 9 के शेष

### श्रीराम को हृदय ...

भजन करते रहते हैं। उसी को अंत समय में भगवान का नाम मुख में आता है और जो जीवन भर कभी भगवान का नाम नहीं लिया, उसको अंत समय में भगवान की याद नहीं आती, बचपन से ही भजन करते रहना चाहिए। इस अवसर पर कसडोल नगर सहित आस पास एवं दूर दराज से भारी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

### जीवन को सुंदर...

किया। वह सिंहासन पर भगवान राम के चरण पादुका को रखकर नित्य प्रतिदिन पूजा करते थे। जैसे भगवान राम ने सभी सुख सुविधा को त्याग कर 14 वर्ष वन में बिताया उसी तरह भारत ने भी राज्य के ठाठ बाठ को छोड़कर, सभी सुख सुविधा को त्याग कर वनवासी की तरह जीवन बिताते रहा। इनका त्याग और समर्पण पूरे मानव समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। परंतु आज समय के लोग निजी स्वार्थ के लिए भाई चारा को छोड़कर अपने लिए धन कमाने में ज्यादा लगे रहते हैं परंतु गांव में चल रहे रामायण समारोह में अपना थोड़ा भी समय नहीं दे पा रहे हैं।

इस अवसर पर मोहम्मद राशिद हक इंस्पेक्टर, सरपंच संतोष साहू, दुर्गा प्रसाद वर्मा, डॉ. हेमंत साहू, रमेश साहू, गौत राम साहू, भानु प्रताप साहू, हरिराम साहू, अवध राम साहू, गोविंद राम साहू, ललित साहू, कमलेश साहू, राजेंद्र यादव, कुंज राम साहू, दुखवा राम साहू, धनसिंग साहू, धनाऊ राम चंद्राकर, चिंता राम वर्मा, पुरुषोत्तम लाल वर्मा, दौलत राम वर्मा, डॉ. विजय यादव, पूरन वर्मा सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### सरकार ने तीन ...

जिला उपाध्याक्ष, संजय श्रीवास, संजू पटेल, अमितेश नेताम, रेवाराम साहू, पार्षद सतीश पटेल, राकेश ध्रुव, कामेश वर्मा, विकास गुप्ता, नीरज सोनी, नसिंर्ग वर्मा पूर्व पार्षद सहित समस्त भाजपा बलौदाबाजार शहर मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### पुष्पेंद्र ने उत्तीर्ण की नवोदय की परीक्षा



**मुंडा।** प्राथमिक शाला परसापाली में अध्यानरत पुष्पेंद्र पिता जितेंद्र बंजारे ने कमलेश वर्मा के मार्गदर्शन में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आयोजित जवाहर नवोदय विद्यालय की परीक्षा उत्तीर्ण की। पुष्पेंद्र के चयन होने पर प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक लता ध्रुव, शिक्षक शिवनारायण पैकरा, नरायण पैकरा, वैष्णव मैडम व जनपद सदस्य यूवति राजू वर्मा, सरपंच जयंत वर्मा, शिक्षक अनीता बंजारे, अरुण यादव, एजुकेशन ऐकेडमी के शिक्षक मालिक राम वर्मा, रामकिशन रात्रे, तुलाराम वर्मा, रवि नारायण वर्मा, अरुण यादव, पुष्पेंद्र बंजारे आदि ने उज्वल भविष्य की कामना की।

### लुभ्यांशु का नवोदय में चयन



**खरोरा।** विकासखंड आरंग, संकुल केंद्र भानसोज अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बरछा के छात्र लुभ्यांशु ध्रुव का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। लुभ्यांशु ध्रुव के पिता लुकेश कुमार ध्रुव शिक्षक एवं माता रितु ध्रुव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं। छात्र के नवोदय विद्यालय में चयन होने पर ग्रामीण व शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

### सारंगढ़ और सरसींवा में कल सुबह 9 से शाम 4 बजे तक बंद रहेगी बिजली

**मुड़पार-सरसीवा।** गर्मी के दिनों में विद्युत के उपयोगिता बढ़ जाने से विद्युत आपूर्ति के लिए नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया जा रहा है। विद्युत विभाग ने इस संबंध में सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया है कि बुधवार 3 अप्रैल को 132-33 केव्ही कोतरी उपकेंद्र में नए पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाने की वजह से सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के सारंगढ़ ब्लॉक तथा बिलाईगढ़ ब्लॉक के सरसीवा क्षेत्र की संपूर्ण ग्रामीण सप्लाई सुबह 9 से शाम 4 बजे तक बाधित रहेगी। सारंगढ़ शहर की सप्लाई आपूर्ति बनाए रखने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है, परंतु फिर भी कुछ समय के लिए सप्लाई आपूर्ति बाधित हो सकती है। विद्युत कार्यपालन अभियंता नरेन्द्र नायक ने समस्त उपभोक्ताओं से पानी की व्यवस्था पूर्व से ही कर लेने की अपील की है।

### एक्सीडेंट में घायल शख्स की इलाज के दौरान मौत

**महासमुंद।** अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। पिथौरा पुलिस ने बतायाकि ब्रह्मा सिंह (45) निवासी ग्राम जम्हर अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई।

### युवक ने लगाई फांसी

महासमुंद। कोमाखान थाना अंतर्गत ग्राम नर्रा के रमन सिंह पिता तुलसीराम बेलदार (25) का शव उसके घर के सिलिंग पंखा में फांसी पर लटका हुआ मिला। पुलिस ने सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

# देसहा गड़रिया पाल समाज के महाअधिवेशन में कई प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

छत्तीसगढ़ देसहा गड़रिया पाल समाज का दो दिवसीय वार्षिक महाअधिवेशन महादेव घाट स्थित पाल सामाजिक भवन में आयोजित किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम में समाज के सभी 23 पार के पदाधिकारी, पार प्रमुख, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित हुए। इस दौरान सामाजिक न्याय प्रक्रिया एवं सामाजिक समस्याओं का निपटारा सहित अन्य कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस दौरान रामाधीन पाल ने भजन प्रस्तुत कर शुरुआती औपचारिकता का निर्वहन किया। तत्पश्चात समाज के प्रमुखजनों का स्वागत किया गया। इस दौरान समाज के वरिष्ठजनों ने कार्यक्रम को संबोधित भी किया। शिक्षिका मोना पाल ने राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जीवनी एवं व्यक्तित्व व कृतित्व पर सारगर्भित लेख का पठन किया। दूसरे दिन प्रथम सत्र में बचे हुए मामलों का निपटारा हुआ। वहीं दूसरे सत्र में अन्य विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान ऐसे भावुक क्षण में आया जिसमें समाज के वरिष्ठों एवं बुजुर्गों को उनके सामाजिक अवदान के लिए सम्मानित किया गया। बैठक में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को चंडीराम पाल की ओर से प्रतिभा सम्मान राशि दी गई। वहीं राजिम धर्मशाला के संबंध में भी चर्चा हुई।

**वार्षिक महाअधिवेशन में सामाजिक विषयों पर हुई चर्चा-परिचर्चा**



**महिलाओं और युवाओं को आगे लाने पर बल दिया**

इस दौरान सामाजिक उत्थान हेतु भावी योजना तैयार की गई। साथ ही अन्य सामाजिक विषयों एवं मुद्दों पर भी चर्चा-परिचर्चा हुई। बता दें कि, इस बार के आयोजन में बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं एवं युवा सम्मिलित हुए थे। आयोजन के दौरान समाज ने संगठन को मजबूत करने एवं महिलाओं और युवाओं को आगे लाने पर बल दिया। युवाओं ने सामाजिक विषयों पर अपने विचार भी व्यक्त किए। मुकेश पाल ने कैरियर संबंधी विचार रखे। युवा प्रकोष्ठ से दिनेश पाल ने समाज में पूर्ण शराबबंदी के लिए सुझाव पेटी के जरिए अपना विचार रखे। इस दौरान सामाजिक भवन की नीलामी भी हुई।

# स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण में सहभागी बनें सभी लोग

**स्वीप कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं ने लिया मतदान करने व मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

नगर पंचायत सिमगा के सांस्कृतिक भवन में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शत-प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी केएल चौहान ने उपस्थित गर्भवती महिलाओं को स्वयं मतदान करने व मतदान करने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। साथ ही जिले से सवा लाख महिलाओं द्वारा मतदाता शपथ पोस्टकार्ड निर्वाचन आयोग को भेजने महिलाओं से अपील की।

कलेक्टर चौहान ने कहा कि मतदान हर मतदाता का अधिकार है और मतदान करना पहला दायित्व है। बिना किसी प्रभाव व प्रलोभन के निष्पक्ष होकर स्व विवेक से मतदान करें। स्वस्थ परम्परा अपनाते हुए स्वस्थ लोकतंत्र का निर्माण करें। उन्होंने कहा कि यहां उपस्थित गर्भवती महिलाओं ने मतदान करने का संकल्प लिया है। यदि गर्भवती महिलाएं मतदान करने जा सकती है तो सामान्य व्यक्ति मतदान क्यों नहीं कर सकते।

उन्होंने कहा कि हर विकासखण्ड से 25-25 हजार महिलाएं मतदान शपथ पोस्टकार्ड लिख कर जिला कार्यालय में भेजें जिसे निर्वाचन आयोग को भेजा जाएगा। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा नाटिका के माध्यम से अच्छे जनप्रतिधि का चुनाव तथा एक वोट के महत्व को आकर्षक ढंग से बताया गया।




**मतदान की ली शपथ**

तत्पश्चात कलेक्टर ने सिमगा के शक्ति कान्वेंट स्कूल में स्वीप के तहत आयोजित कार्यक्रम में स्कूली एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थियों द्वारा रंगोली एवं वाद विवाद प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया, जहां मतदान की शपथ ली गई। इस अवसर पर दिव्या अग्रवाल, सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे, एसडीएम अंशुल वर्मा, तहसीलदार अनिरुध्द मिश्रा, जनपद सीईओ अमित दुबे, डीईओ हिमांशु भारतीय सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# पेयजल की समस्याओं का तत्काल निराकरण करेगा लोक यांत्रिकी विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

- समस्या के निराकरण के लिए टोल फ्री सहित सहायक दूरभाष नंबर जारी

जिले के लोक यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल समस्या के तुरंत निराकरण और सुचारू संचालन एवं संधारण के लिए जिला स्तर पर पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। यह प्रकोष्ठ 30 जून तक के लिए प्रभावी है। सारंगढ़ और बरमकेला नियंत्रण प्रकोष्ठ प्रभारी उप अभियंता केआर सूर्यवंशी नियुक्त किए गए हैं। इसी प्रकार सारंगढ़ और बरमकेला नियंत्रण प्रकोष्ठ के सहायक के लिए डाटा एंट्री ऑपरेटर इंद्रदेव साहू नियुक्त है। बिलाईगढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ प्रभारी के रूप में सहायक अभियंता मनोज दाकोड़े को नियुक्त किया गया है। बिलाईगढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ के सहायक के रूप में डाटा एंट्री ऑपरेटर रविशंकर सोनी को नियुक्त किया गया है।

प्रकोष्ठ में पेयजल समस्या के निराकरण से संबंधित डाक एवं पत्रचार नियंत्रण प्रकोष्ठ सहायक द्वारा किया जाएगा। प्रकोष्ठ सुबह 8 से रात्रि 8 बजे तक कार्य करेगा। प्रकोष्ठ में प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु एक रजिस्टर संधारित किया जाएगा, जिसे प्रतिदिन के प्राप्त शिकायतों का पूर्ण विवरण दर्ज होगा एवं संबंधित सहायक अभियंताओं उप अभियंताओं को शिकायत से अवगत कराएंगे एवं शिकायत का तिथिवार निराकरण संबंधी जानकारी का स्पष्ट उल्लेख रजिस्टर में होगा। जिला स्तर प्रखंड कार्यालय सारंगढ़-बिलाईगढ़ एवं प्रत्येक उपखंड एवं विकासखंड स्तर पर जनपद पंचायत मुख्यालय में शिकायत पंजी संधारित की जाएगी। शिकायत और सुझाव इन स्थानों पर दर्ज किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त विभागीय टोल फ्री नंबर 1800 2330008 में भी शिकायत सुझाव दर्ज किए जा सकेंगे।

# खाना बनाने के दौरान घर में सफाई रखे रसोइयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

विकासखंड तिल्दा अंतर्गत संकुल केन्द्र खरोरा में प्रधानमंत्री पोषण योजना अंतर्गत संकुल केन्द्र में रसोइयों को एक दिवसीय प्रशिक्षण संकुल समन्वयक देवेन्द्र ठाकुर द्वारा दिया।

इस अवसर पर रसोई संघ की अध्यक्ष उतरा वर्मा ने रसोई कार्य में लगी बहनों को प्रशिक्षण में बताए जा रहे दिशा-निर्देश को अन्य रसोइया बहनों को बताने की बात कही। प्रशिक्षण में नगर खरोरा के प्राथमिक, माध्यमिक शाला स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम के रसोइया के साथ नवागांव, केसला नायकटाड के प्राथमिक, माध्यमिक शाला में रसोई कार्य में लगी महिला उपस्थित थीं।



**बच्चों को पर्याप्त पोषण अहार देने पर जोर दिया**

इस दौरान संकुल प्रभारी देवेन्द्र ठाकुर ने उपस्थित रसोइया कार्य कर रही बहनों को रसोई घर में सफाई पर विशेष ध्यान देने के अलावा बच्चों को पर्याप्त पोषण अहार देने पर जोर दिया। वहीं रसोई घर में ऐसे किसी भी चीज जिससे बच्चों के सेहत पर असर करे उसे सफाई कर बाहर करने पर जोर दिया।

# विदाई समारोह में लाइनमेन शॉल श्रीफल से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

विद्युत विभाग सिमगा वितरण केन्द्र के अंतर्गत झिरिया मुख्यालय में पदस्थ लाईनमेन बंशी साहू का 36 वर्ष 4 माह 10 दिन का कार्यकाल विद्युत विभाग को समर्पित कर 31 मार्च को सेवानृवित्त हुए।

श्री साहू की पहली पोस्टिंग बलौदाबाजार निर्माण संभाग में हुई थी। अपने नौकरी के कार्यकाल में काफी उतार-चढ़ाव को देखत हुये कार्य को अच्छे से अंजाम देते हुए बंशी साहू क्षेत्र में काफी लोकप्रिय कर्मचारी रहे। उनके बिदाई सामारोह में एई वीके साहू एवं जेई सौरभ देवांगन ने कहा कि बंशी साहू का साथ हमें अच्छा मिला। हम सब कर्मचारी मिलकर उन्हें उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सहसम्मान आज बिदा कर रहे हैं। श्री साहू को उनके कर्मचारी साथियों ने शाल श्रीफल मोमेंटो देकर ढोल, तासों एवं आतिशबाजी के साथ उनके निवास स्थान ब्राम्हण कॉलोनी तक छोड़ने पहुंचे। इस तारतम्य में विशेष रूप से गजेन्द्र वर्मा, राकेश देवांगन, कांशी बाई, यशवंत निवास, निकेश साहू, पामेश साहू, ईश्वर देवांगन, दिलीप निषाद, सोहन साहू, नारायण साहू, चेतन टण्डन, किशोर बघेल, विनोद साहू, टेकराम साहू, मोती पटेल, चंद्रीका साहू, तुला साहू, खिलेश वर्मा, सुंदर निषाद, तिलक निषाद, गिरिवर साहू, हरिराम देवांगन, गोवर्धन चौहान, मनोज शर्मा एवं विद्युत विभाग के सभी अधिकारी, कर्मचारीगण एवं हितैशी प्रेमियों ने उन्हें शुभकामनाओं के साथ उनके निवास स्थान तक पहुंचाया।




# स्कूलों में वार्षिक परीक्षा शुरू, 8 अप्रैल तक चलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

प्रदेश के समस्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शालाओं में इन दिनों वार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि यह परीक्षा 1 अप्रैल से शुरू हुई है, जो की 8 अप्रैल तक चलेगी। वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित होकर छात्रों में उत्सुकता का माहौल है। मुख्य परीक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को प्रयोजना कार्य भी दिया जा रहा है। छात्र दिया वर्मा, हिना धीवर, भारती वर्मा आदि ने कहा कि इस परीक्षा त्योहार में उन्हें आनंद आ रहा है व परीक्षा पास होकर अगली कक्षा में जाने को उत्सुक हैं। प्रधान पाठक एसके देवांगन ने सभी छात्रों को परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी।




# शहर में गाथा श्रीराम मंदिर संगीतमय कार्यक्रम कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

आदर्श रामलीला नाटक मंडली भाटापारा एवं सुंदरकांड समितियों द्वारा स्थानीय रामलीला मैदान में गाथा श्रीराम मंदिर संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उक्त आयोजन 4 अप्रैल से रामलीला मैदान में शाम 6.30 बजे से प्रारंभ होगा। लाइट एवं साउंड व्यवस्था के माध्यम से भगवान राम के ऐतिहासिक जीवन चरित्र का वर्णन किया जाएगा। कार्यक्रम में अयोध्या के राम मंदिर की वर्ष 1525 से लेकर जनवरी 2024 तक की विस्तृत कहानी का संगीतमय एवं प्रकाश युक्त वर्णन होगा। करुणा धाम आश्रम भोपाल के सानिध्य में यह संगीतमय कार्यक्रम ख्याति प्राप्त अभिनेताओं एवं संगीतकारों के अद्भुत प्रदर्शन के माध्यम से भगवान श्रीराम की गाथा का वर्णन प्रस्तुत किया जाएगा। विदित हो कि भगवान श्रीराम लला के विराजमान होने के बाद प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु अयोध्या की ओर रवाना हो रहे हैं और रामलला के दर्शन लाभ प्राप्त कर पा रहे हैं।

**मुख्य अतिथि शिवरतन शर्मा रहेंगे**

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। क्षेत्र की विभिन्न धार्मिक समितियां के सहयोग से आदर्श रामलीला मंडली द्वारा उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। नगर के सभी गणमान्य नागरिकों से उक्त गरिमामयी कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपील की गई है, ताकि भगवान श्रीराम के 500 वर्षों के संघर्ष यात्रा का साक्षी बनकर कार्यक्रम का आनंद ले सकें।

# जरौद में खुला इंग्लिश मीडियम स्कूल

**भाटापारा।** ग्राम पंचायत जरौद में लिटिल रोज पब्लिक स्कूल का उदघाटन मुख्य अतिथि कविता कुमलेश देवांगन ने किया। गांव में इंग्लिश मीडियम स्कूल खुलने से ग्रामीणों ने प्रसन्नता जाहिर की। कार्यक्रम में के के देवांगन भी शामिल हुए। देवांगन ने स्कूल के उदघाटन पर ग्रामीणों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्कूल ही बच्चों की नींव तैयार करती है, तो आप सभी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें, जिससे बच्चों का उज्ज्वल भविष्य हो सके। देवांगन ने स्कूल के संचालक राजा मेवाड़ को भी बधाई दी। इस अवसर पर गोलू यदु, धनंजय देवांगन, राजकुमार निर्मलकर, स्कूल के शिक्षक बच्चे सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।









